विनियमन विभाग से संबंधित सूचना (वाणिज्यिक बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए)			
क्र.	**प्रश्न**	**उत्तर**	**दिनांक**
1	बैंक खाता खोलने के लिए कौन से केवाईसी दस्तावेज जरूरी हैं?	कृपया 25 फरवरी 2016 को अपने ग्राहक को जानिए विषय पर जारी, 09 अगस्त 2019 तक संशोधित मास्टर निदेश देखें। जो हमारे पब्लिक डोमेन www.rbi.org.in में "अधिसूचना" लिंक के तहत उपलब्ध हैं ।	05 नवंबर 2019
2	क्या बैंक खाता खोलने के लिए आधार अनिवार्य है?		
3	मेरी पहचान दस्तावेज पर पता वर्तमान पता नहीं है। बैंक खातों के लिए वर्तमान पते के संबंध में क्या अनुदेश हैं?		
4	मैंने कुछ साल पहले बैंक खाता खोलते समय केवाईसी पूरा किया था। बैंक अभी पुन: केवाईसी करने के लिए क्यों जोर दे रहे हैं?		
5	ग्राहकों के बैंक खातों और उनके लेनदेन की गोपनीयता बनाए रखने के लिए बैंक के कर्तव्य और जिम्मेदारियां क्या हैं?		
6	यदि किसी व्यक्ति का बैंक में खाता नहीं है, तो क्या 50,000 रुपये और उससे अधिक की राशि के लेनदेन के लिए केवाईसी की आवश्यकता है?		
7	कौन से बैंक/ वित्तीय संस्थान भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित केवाईसी दिशानिर्देशों के दायरे में आते हैं?		
8	मैं एक बैंक में संयुक्त खाता खोलना चाहता हूं। क्या पहले खाताधारक के लिए केवाईसी करना जरूरी है या सभी खाताधारकों के लिए?		
9	स्वामित्त फर्मों, कंपनियों, भागीदारी फर्मों, ट्रस्टों के मामले में बैंक खाता खोलने के लिए किन केवाईसी दस्तावेजों की आवश्यकता होती है?		
10	बैंकों द्वारा जारी चेक/ड्राफ्ट/पे ऑर्डर/बैंकर चेक के भुगतान की समय सीमा क्या है।	कृपया 25 फरवरी 2016 को अपने ग्राहक को जानिए विषय पर जारी, 09 अगस्त 2019 तक	05 नवंबर 2019

		संशोधित मास्टर निदेश देखें। जो हमारे पब्लिक डोमेन www.rbi.org.in में "अधिसूचना" लिंक के तहत उपलब्ध हैं ।	
11	कृपया सूचित करें कि क्या भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत में निजी क्षेत्र के के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अध्यक्षों/ प्रबंध निदेशकों की नियुक्ति की है। बैंकों के अध्यक्षों/ प्रबंध निदेशकों के नाम प्रस्तुत किया जाए।	i) वर्तमान सांविधिक उपबंधों और दिशा-निर्देशों के अनुसार, अंशकालिक अध्यक्ष और सरकारी क्षेत्र के बैंकों के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की नियुक्ति केन्द्र सरकार द्वारा रिजर्व बैंक के साथ परामर्श के बाद की जाती है। तत्पश्चात् भारत सरकार इन नियुक्तियों को भारत के सरकारी राजपत्र में अधिसूचित करती है। (ii) जहां तक निजी क्षेत्र के बैंकों का संबंध है, बैंक अपने अंशकालिक अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक की नियुक्ति रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन से कर रहे हैं। इसके उपरांत बैंक अपनी नियुक्तियों को अधिसूचित करते हैं। इसके अतिरिक्त इन नियुक्तियों के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा कोई अधिसूचना जारी किए जाने की जरूरत नहीं है।	05 नवंबर 2019
12	निम्न सूचना दें (1) बैंक शाखाओं को खोलना (2) बैंक द्वारा खोली गई शाखा (3) किसी केंद्र की पहचान और वहां शाखा खोलने की प्रक्रिया (4) भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा दी गई अनुमति/ लाइसेंस की प्रति	कृपया 18 मई 2017 को जारी परिपत्र बैंविवि.सं.बीएपीडी. बीसी.69/22.01.001/2016-17 के माध्यम से नए शाखाओं को खोलने के संदर्भ में जारी दिशानिर्देशों को देखें। लघु वित्त बैंक और भुगतान बैंक के संदर्भ में, 18 मई 2017 का उपरोक्त परिपत्र, 27 नवंबर 2014 को एसएफ़बी के लिए जारी लाइसेंस संबंधित दिशानिर्देश और 06 अक्तूबर 2016 के एसएफ़बी	05 नवंबर 2019

		के लिए जारी परिचालन दिशानिर्देश तथा 6 अक्तूबर 2016 को जारी भुगतान बैंकों के लिए परिचालन दिशानिर्देश का संदर्भ लें। उपर्युक्त परिपत्र, लाइसेंस दिशानिर्देश और परिचालन दिशानिर्देश हमारे पब्लिक डोमेन www.rbi.org.in में "अधिसूचना" लिंक के तहत उपलब्ध हैं ।	
13	इस पर जानकारी (1) बैंक शाखाओं/ एटीएम के लिए परिसर को पट्टे पर देना (2) भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित किराये की दरें/ विनिर्देश (3) भुगतान या भुगतान न किए गए किराया और आगे अन्य विवाद (4) लीज रेंटल एग्रीमेंट की कॉपी (5) बैंक शाखा खोलने के लिए परिसर की पहचान और अधिग्रहण/पट्टे पर देना	दिनांक 30 अप्रैल 2015 का परिपत्र डीबीआर.सं.बीएपीडी. बीसी.92/22.01.003/2014-15 के साथ पठित 01 जुलाई 2014 के मास्टर परिपत्र डीबीओडी.सं.बीएपीडी.बीसी.7/22.01.001/2014-15 देखें। उक्त उल्लिखित परिपत्र 'अधिसूचना' लिंक के अंतर्गत हमारे वेबसाइट www.rbi.org.in पर उपलब्ध है।	05 नवंबर 2019
14	इस पर जानकारी (1) बैंकों द्वारा व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी)/ बैंक मित्र की नियुक्ति (2) बीसी के लिए नियुक्ति/ पुनर्विचार/ नियुक्ति/ नवीकरण/ कमीशन दरों, पात्रता मानदंड, गतिविधियों आदि की शर्तें।	01 जुलाई 2014 के शाखा प्राधिकरण पर मास्टर परिपत्र डीबीओडी.सं.बीएपीडी.बीसी.7/22.01.001/2014-15 देखें। उक्त उल्लिखित परिपत्र 'अधिसूचना' लिंक के अंतर्गत हमारे वेबसाइट www.rbi.org.in पर उपलब्ध है।	05 नवंबर 2019
15	एटीएम स्थापित करने/ खोलने का क्या प्रावधान है?	18 मई 2017 के हमारे परिपत्र डीबीआर सं. बीएपीडी. बीसी.69/22.01.001/2016-17 (14	05 नवंबर 2019

		जनवरी 2016 के परिपत्र डीबीआर. सं बीएपीडी.बीसी.72/22.01.001/2015-16 के साथ पठित 01 जुलाई 2014 के मास्टर परिपत्र डीबीओडी. सं बीएपीडी. बीसी.7/22.01.001/2014-15 के पैरा सं 4) देखें। उक्त उल्लिखित परिपत्र 'अधिसूचना' लिंक के अंतर्गत हमारे वेबसाइट www.rbi.org.in पर उपलब्ध है।	
16	एटीएम के सुरक्षा गार्डों से संबन्धित जानकारी	कृपया 18 मई 2017 के परिपत्र डीबीआर.सं.बीएपीडी.बीसी. 69/22.01.001/2016-17 देखें। उक्त उल्लिखित परिपत्र 'अधिसूचना' लिंक के अंतर्गत हमारे वेबसाइट www.rbi.org.in पर उपलब्ध है।	05 नवंबर 2019
17	मैंने क्रेडिट इंफॉर्मेशन रिपोर्ट (सीआईआर) मामले के आधार पर क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनीज (सीआईसी) से ली है: टीयूसीबील/ एक्सपीरियन/ इक्युफेक्स/ सीआरआईएफ। यह देखा गया है कि मेरी क्रेडिट सूचना रिपोर्ट (सीआईआर) में कई त्रुटियाँ हैं। कृपया इसे ठीक करें / मैं इसे कैसे ठीक कर सकता हूं?	शिकायत निवारण सूचना का अधिकार अधिनियम के दायरे में नहीं आता है। अत: हम आपको यह सूचित करते हैं कि मामले के अनुसार टीयुसीबील/ एक्सपीरियन/ इक्वूफैक्स/ सीआरआईएफ हाई मार्क से संपर्क करें। पते निम्नलिखित है: ट्रांसयूनियन सिबिल लिमिटेड, वन इंडियाबुल्स, टॉवर 2A-2B, यूनिट नंबर 1901, 19 वीं मंजिल, जुपिटर मिल कंपाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400 013 टे: +91 - 22 - 6638 4600	05 नवंबर 2019

		वैकल्पिक रूप से, आप निम्नलिखित लिंक का उपयोग करके अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं: https://www.cibil.com/consumer-dispute-resolution एक्सपेरियन क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनी ऑफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इक्विनॉक्स बिजनेस पार्क, 5 वीं मंजिल, पूर्वी विंग, टॉवर 3, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई - 400070 ग्राहक ईसीआईसी उपभोक्ता सपोर्ट से संपर्क कर सकते हैं टे: +91 (0) 22 66419000 (सोम-शुक्र -9.30-6.30) ई मेल भेजने के लिए: consumer.support@in.experian.com वेबसाइट - www.experian.in पत्र भेजने के लिए – पीबी सं 9096, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई – 400063 वैकल्पिक रूप से, आप निम्नलिखित लिंक का उपयोग करके अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं: http://www.experian.in/addressing-your-queries-disputes इक्विफैक्स क्रेडिट इंफॉर्मेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, यूनिट नंबर 931, तीसरी मंजिल, बिल्डिंग नं 9,	

		सोलिटेयर कॉर्पोरेट पार्क, अंधेरी घाटकोपर लिंक रोड, अंधेरी पूर्व, मुंबई - 400093, भारत टी: +91- 22- 6112 7999 वैकल्पिक रूप से, आप निम्नलिखित लिंक का उपयोग करके अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं: https://www.equifax.co.in/consumer/forms/dispute_resolution/en_in ऑनलाइन डिसप्यूट के लिए निम्नलिखित लिंक का उपयोग करें https://eport.equifax.co.in/eport/dispute.jsp **सीआरआईएफ हाई मार्क** एफ़ओएफ़, बी - 04, 05 और 06, चौथी मंज़िल, आर्ट गिल्ड हाउस, फीनिक्स मार्केट सिटी, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई – 400070 महाराष्ट्र, टेल - +91-22-71712900 वैकल्पिक रूप से, आप निम्नलिखित लिंक का उपयोग करके अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं: https://www.crifhighmark.com/support-desk/	
18	किस संविधि के तहत सीबील (क्रेडिट इन्फार्मेशन ब्यूरो लिमिटेड) सहित क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनी (सीआईसी) की स्थापना की गई है?	आरबीआई ने प्रत्यय विषयक जानकारी कंपनी (विनियमन) अधिनियम 2005 (सीआईसीआरए) की धारा 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग और अधिनियम के तहत बनाए गए नियमों और विनियमों के अधीन चार	05 नवम्बर 2019

		क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनियों (सीआईसी) को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। प्रत्यय विषयक जानकारी कंपनी (विनियमन) अधिनियम 2005 (सीआईसीआरए) पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।	
19	भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित क्रेडिट सूचना कंपनियों (सिआईसी) के कर्तव्य और जिम्मेदारियां क्या हैं?	सीआईसी के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का उल्लेख प्रत्यय विषयक जानकारी कंपनी (विनियमन) अधिनियम 2005 (सीआईसीआरए) की धारा 17, 19, 20 और 22, प्रत्यय विषयक जानकारी कंपनी 24, 25, 26, 28 और 29 और रेगुलेशन 7, 10 में किया गया है।	05 नवम्बर 2019
20	क्या भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं/ एनबीएफसी को ऋण वितरण के लिए क्रेडिट सूचना रिपोर्ट का उपयोग करने का अनुदेश दिया है?	कृपया दिनांक 27 जून 2014 के परिपत्र डीबीओडी.सं. सीआईडी.बीसी.127/20.16.056/2013-14 को देखें, जो वेबसाइट www.rbi.org.in में 'अधिसूचना' लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है।	05 नवम्बर 2019
21	भारतीय रिज़र्व बैंक ने इरादतन चूककर्ताओं के विरुद्ध क्या कदम उठाए हैं?	कृपया दिनांक 01 जुलाई 2015 के इरादतन चूककर्ताओं पर जारी मास्टर परिपत्र को देखें, जो वेबसाइट www.rbi.org.in में 'अधिसूचना' लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है।	05 नवम्बर 2019
22	जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता निधि योजना, 2014 के बारे में जानकारी।	कृपया दिनांक 21 मार्च 2014 के जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता निधि योजना, 2014 (योजना), को देखें, जो वेबसाइट www.rbi.org.in में 'अधिसूचना' लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है।	05 नवम्बर 2019

23	जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता निधि का प्रशासन और प्रबंधन करने के लिए क्या व्यवस्था है?	कृपया दिनांक 21 मार्च 2014 के जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता निधि योजना, 2014 (योजना), को देखें, जो वेबसाइट www.rbi.org.in में 'अधिसूचना' लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है।	05 नवम्बर 2019
24	निधि का उपयोग कैसे किया जाता है?		05 नवम्बर 2019
25	ऋणों की विभिन्न श्रेणियों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित ब्याज दरें क्या हैं?	कृपया दिनांक 3 मार्च 2016 के मास्टर परिपत्र-भारतीय रिजर्व बैंक (अग्रिम पर ब्याज दर) पर जारी डीबीआर. डीआईआर.सं.85/13.03.00/2015-16 को देखें, जो वेबसाइट www.rbi.org.in में 'अधिसूचना' लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है।	05 नवम्बर 2019
26	आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार विभिन्न परिपक्वताओं की मीयादी जमाराशियों पर ब्याज दर क्या है?	कृपया दिनांक 3 मार्च 2016 के मास्टर परिपत्र-जमा पर ब्याज दर पर जारी डीबीआर.डीआईआर.सं.84/13.03.00/2015-16 को देखें, जो वेबसाइट www.rbi.org.in में 'अधिसूचना' लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है।	05 नवम्बर 2019
27	क्या बैंक में वरिष्ठ नागरिकों द्वारा जमा किए गए धन पर अधिक ब्याज देने के लिए कोई प्रावधान है?		
28	सार्वजनिक या निजी बैंक से ऋण प्राप्त करने के लिए पात्रता मानदंड और आवश्यक दस्तावेज क्या हैं? बैंक से ऋण प्राप्त करने के लिए आरबीआई के दिशानिर्देश क्या हैं?	"ऋण और अग्रिम - सांविधिक और अन्य प्रतिबंध" पर दिनांक 1 जुलाई 2015 को जारी मास्टर परिपत्र बैंविवि.निदेश.बीसी.सं10/13.03.00/2015-16 देखें, जो हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचना' शीर्षक के तहत उपलब्ध है। इसके अलावा, बैंकों को सूचित किया गया है कि वे अग्रिमों को मंजूरी देते समय व्यक्तिगत/ सामूहिक उधारकर्ताओं के लिए जोखिम सीमा, अभिलेख मानक, मार्जिन, सुरक्षा, क्षेत्रीय जोखिम	05 नवम्बर 2019

		सीमा, शक्तियों के प्रत्यायोजन, परिपक्वता और मूल्य निर्धारण नीतियों, ब्याज दरों को तय करने के लिए ध्यान में रखे गए कारकों आदि पर विचार करें।	
29	क्या आरबीआई ने बैंकों द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं के लिए प्रभार निर्धारित किया है?	कृपया "बैंकों में ग्राहक सेवा" पर दिनांक 1 जुलाई 2015 को जारी मास्टर परिपत्र बैंविवि.सं.एलईजी.बीसी.21/09.07.006/2015-16 को देखें, जो हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचना' शीर्षक के तहत उपलब्ध है।	05 नवम्बर 2019
30	क्या बैंक को व्यक्तिगत उधारकर्ताओं पर अवधि पूर्व समाप्ति/ पूर्व-भुगतान दंड लगाने का अधिकार है?	कृपया "बैंकों में ग्राहक सेवा" पर दिनांक 1 जुलाई 2015 को जारी मास्टर परिपत्र बैंविवि.सं.एलईजी.बीसी.21/09.07.006/2015-16 को देखें, जो हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचना' शीर्षक के तहत उपलब्ध है। साथ ही, दिनांक 02 अगस्त 2019 को 'फ्लोटिंग दर वाले मीयादी ऋण पर अवधि-पूर्व चुकौती प्रभार/ अवधि-पूर्व भुगतान दंड लगाना' पर जारी बैंविवि.निदेश.बीसी.सं 08/13.03.00/2019-20 देखें, जो हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचना' शीर्षक के तहत उपलब्ध है।	05 नवम्बर 2019
31	आरबीआई के अनुदेशों के अनुसार 'व्यक्ति' की परिभाषा क्या है?	कृपया दिनांक 3 मार्च 2016 को बैंविवि.निदेश.सं 84/13.03.00/2015-16 द्वारा जारी मास्टर निदेश – भारतीय रिज़र्व बैंक (जमाराशियों पर ब्याज दर) निदेश, 2016 देखें, जो हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचना' शीर्षक के तहत उपलब्ध है।	05 नवम्बर 2019

32	अधिकांश बैंक अपने ग्राहकों को न्यूनतम शेष/ औसत न्यूनतम शेष के रूप में कुछ राशि बनाए रखने के लिए कहते हैं। कृपया इस संबंध में आरबीआई द्वारा जारी अनुदेश प्रदान करें।	कृपया "बैंकों में ग्राहक सेवा" पर दिनांक 1 जुलाई 2015 को जारी मास्टर परिपत्र बैंविवि.सं.एलईजी.बीसी.21/09.07.006/2015-16 को देखें, जो हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचना' शीर्षक के तहत उपलब्ध है।	05 नवम्बर 2019
33	आरबीआई के नियमों के अनुसार, क्या बैंक खाता धारक से न्यूनतम जमाशेष न बनाए रखने पर खाता धारक से प्रभार की कटौती कर सकते हैं। यदि हाँ, तो कृपया नियमों की एक प्रति प्रदान करें।		
34	एसएमएस अलर्ट सुविधा के लिए प्रभार क्या हैं?	कृपया "बैंकों में ग्राहक सेवा" पर दिनांक 1 जुलाई 2015 को जारी मास्टर परिपत्र बैंविवि.सं.एलईजी.बीसी.21/09.07.006/2015-16 को देखें, जो हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचना' शीर्षक के तहत उपलब्ध है।	05 नवम्बर 2019
35	क्या मैं अपनी सावधि जमा की निकासी समय से पहले कर सकता/ सकती हूं?	कृपया दिनांक 3 मार्च 2016 को बैंविवि.निदेश.सं.84/13.03.00/2015-16 द्वारा जारी मास्टर निदेश – भारतीय रिज़र्व बैंक (जमाराशियों पर ब्याज दर) निदेश, 2016 को देखें, जो हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचना' शीर्षक के तहत उपलब्ध है।	05 नवम्बर 2019
36	कौन सी संस्थाएँ बचत बैंक खाता खोलने के लिए पात्र हैं?		
37	परिपक्वता की तारीख के बाद नवीकरण की तारीख तक की अवधि के लिए जमाकर्ता किस ब्याज दर का पात्र है?		
38	क्या कोई प्रावधान है जो बैंक को अपने कर्मचारियों द्वारा जमा किए गए धन पर अधिक ब्याज देने की अनुमति देता है?		

39	आरबीआई द्वारा निर्धारित दंडात्मक ब्याज की दर क्या है?	कृपया दिनांक 3 मार्च 2016 को बैंविवि.निदेश.सं.85/13.03.00/2015-16 द्वारा जारी मास्टर निदेश – भारतीय रिज़र्व बैंक (अग्रिमों पर ब्याज दर) निदेश, 2016 को देखें, जो हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचना' शीर्षक के तहत उपलब्ध है।	05 नवम्बर 2019
40	बचत बैंक खाते पर ब्याज की गणना कैसे की जाती है?	कृपया दिनांक 3 मार्च 2016 को बैंविवि.निदेश.सं.84/13.03.00/2015-16 द्वारा जारी मास्टर निदेश – भारतीय रिज़र्व बैंक (जमाराशियों पर ब्याज दर) निदेश, 2016 को देखें, जो हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचना' शीर्षक के तहत उपलब्ध है।	05 नवम्बर 2019
41	आवास ऋण के संवितरण की क्या प्रक्रिया है?	कृपया "आवास वित्त" पर दिनांक 1 जुलाई, 2015 को जारी हमारे परिपत्र डीबीआर.सं.डीआईआर.बीसी.13/08.12.001/2015-16 को देखें, जो हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचना' शीर्षक के तहत उपलब्ध है।	05 नवम्बर 2019
42	बैंक गारंटी जारी करने के लिए वर्तमान दिशानिर्देश क्या हैं?	कृपया दिनांक 1 जुलाई, 2015 को डीबीआर.सं.डीआईआर. बीसी11/13.03.00/2015-16 द्वारा जारी मास्टर परिपत्र –'गारंटियां और सह-स्वीकृतियां' देखें,जो हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचनाएँ' शीर्ष के तहत उपलब्ध है।	05 नवंबर 2019
43	क्या बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 एआईएफआई पर लागू होता है?	नहीं। भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45 एल द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुरूप एआईएफ़आई को आरबीआई द्वारा विनियमित	05 नवंबर 2019

		किया जाता है। एआईएफ़आई के कार्यों को मुख्य रूप से उनकी संबंधित संविधियों द्वारा अभिशासित किया जाता है।	
44	वित्तीय संस्थाओं को विनियमित करने वाली विनियामक संस्थाओं के नाम।	आरबीआई, डीबीआर, एफ़आईडी चार अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं, (एआईएफ़आई) अर्थात भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी), राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी), भारतीय आयात-निर्यात बैंक (एक्जिम बैंक) और राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) को विनियमित करते हैं।	05 नवंबर 2019
45	अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं (एआईएफआई) की कुल संख्या। भारत में और क्षेत्रवार ।	वर्तमान में, आरबीआई, विनियमन विभाग (डीओआर) चार अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं अर्थात भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी), राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी), भारतीय आयात-निर्यात बैंक (एक्जिम बैंक) और राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) को विनियमित करता है। इसके अलावा, भारतीय औद्योगिक निवेश बैंक (आईआईबीआई) लिमिटेड, जिसे भी आरबीआई, डीबीआर द्वारा विनियमित किया जा रहा था, सितंबर 2012 से स्वैच्छिक परिसमापन की प्रक्रिया में है।	05 नवंबर 2019
46	अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं (एआईएफआई) का नाम और स्थापना की तारीख़	**एआईएफआई का नाम** / **स्थापना की तारीख़** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) / 12 जुलाई 1982 भारतीय आयात-निर्यात बैंक (एक्जिम बैंक) / 01 जनवरी 1982	05 नवंबर 2019

		भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) — 07 मार्च 1990 राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) — 09 जुलाई 1988	
47	क्या बैंक से कोई ऋण उत्पाद लेने के दौरान बीमा लेना अनिवार्य है?	कृपया "ऋण और अग्रिम - सांविधिक और अन्य प्रतिबंध" पर 1 जुलाई, 2015 को बैंविवि.सं.डीआईआर.बीसी.10/13.03.00/2015-16 द्वारा जारी मास्टर परिपत्र और हमारा मास्टर निदेश-भारतीय रिज़र्व बैंक (बैंकों द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सेवाएं) निदेश, 2016, दिनांक 26 मई, 2016 देखें। (उपर्युक्त वर्णित मास्टर निदेश/ परिपत्र हमारी आधिकारिक वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचनाएं' शीर्ष के तहत उपलब्ध हैं।)	05 नवंबर 2019
48	यदि बैंक कर्मचारी ग्राहक को बीमा उत्पाद खरीदने के लिए मजबूर करते हैं और/ या ऋण देने से इनकार करते हैं तो इस संबंध में क्या कार्रवाई/ शिकायत निवारण तंत्र है।	किसी विशिष्ट बैंक के खिलाफ शिकायत के मामले में, संबंधित बैंक की शाखा या उसके नियंत्रक कार्यालय के पास शिकायत दर्ज की जा सकती है। यदि शिकायत का निवारण 30 दिनों के भीतर नहीं किया जाता है, तो बैंकिंग लोकपाल योजना, 2006 के तहत बैंकिंग लोकपाल के समक्ष एक नई शिकायत प्रस्तुत की जा सकती है। बैंकिंग लोकपाल योजना का विवरण आरबीआई की वेबसाइट www.rbi.org.in पर उपलब्ध है।	05 नवंबर 2019
49	क्या आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में एटीएम कार्ड खाताधारक को बीमा कवर प्रदान किया जाता है?	विनियमन विभाग ने इस संबंध में कोई विशिष्ट अनुदेश जारी नहीं किए हैं और इसलिए, अपेक्षित जानकारी नहीं है। तथापि कृपया 01 जुलाई 2015 को ''बैंकों तथा	05 नवंबर 2019

		क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता एनबीएफसी के क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड तथा रुपए में मूल्यवर्गित को-ब्राडेंड प्री-पेड कार्ड परिचालन पर जारी मास्टर परिपत्र का संदर्भ लें। उपर्युक्त परिपत्र हमारी आधिकारिक वेबसाइट https://www.rbi.org.in पर 'अधिसूचनाएं' शीर्ष के तहत उपलब्ध है।	
50	क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी को नियंत्रित करने के लिए आरबीआई द्वारा क्या उपाय किए गए हैं?	कृपया 01 जुलाई 2015 को ''बैंकों तथा क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता एनबीएफसी के क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड तथा रुपए में मूल्यवर्गित को-ब्राडेंड प्री-पेड कार्ड परिचालन' पर जारी मास्टर परिपत्र का संदर्भ लें। उपर्युक्त परिपत्र हमारी आधिकारिक वेबसाइट https://www.rbi.org.in पर 'अधिसूचनाएं' शीर्ष के तहत उपलब्ध है।	05 नवंबर 2019
51	क्रेडिट कार्ड से संबंधित ब्याज दर और अन्य प्रभारों पर क्या दिशानिर्देश हैं?	कृपया 01 जुलाई 2015 को ''बैंकों तथा क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता एनबीएफसी के क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड तथा रुपए में मूल्यवर्गित को-ब्राडेंड प्री-पेड कार्ड परिचालन' पर जारी मास्टर परिपत्र का संदर्भ लें। उपर्युक्त वर्णित परिपत्र हमारी वेबसाइट https://www.rbi.org.in पर 'अधिसूचनाएं' शीर्ष के तहत उपलब्ध है।	05 नवंबर 2019
52	क्या बैंक कर्मचारियों को शाखाओं में बीमा उत्पाद बेचने की अनुमति है? इस संबंध में क्या दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं?	कृपया 'बैंकों द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सेवाएं पर 26 मई, 2016 के मास्टर निदेश (25 सितंबर, 2017 को अद्यतित) का संदर्भ लें। उपर्युक्त वर्णित परिपत्र हमारी	05 नवंबर 2019

		वेबसाइट https://www.rbi.org.in पर 'अधिसूचनाएं' शीर्ष के तहत उपलब्ध है।	
53	क्या कोई बैंक ग्राहक की सहमति के बिना क्रेडिट कार्ड जारी कर सकता है या क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ा सकता है?	कृपया 01 जुलाई 2015 को ''बैंकों तथा क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता एनबीएफसी के क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड तथा रुपए में मूल्यवर्गित को-ब्राडेंड प्री-पेड कार्ड परिचालन'पर जारी मास्टर परिपत्र का संदर्भ लें। उपर्युक्त वर्णित परिपत्र हमारी वेबसाइट https://www.rbi.org.in पर 'अधिसूचनाएं' शीर्ष के तहत उपलब्ध है।	05 नवंबर 2019
54	क्या बैंकों से डेबिट कार्ड लेना अनिवार्य है?	कृपया 01 जुलाई 2015 को ''बैंकों तथा क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता एनबीएफसी के क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड तथा रुपए में मूल्यवर्गित को-ब्राडेंड प्री-पेड कार्ड परिचालन पर जारी मास्टर परिपत्र का संदर्भ लें। उपर्युक्त वर्णित परिपत्र हमारी वेबसाइट https://www.rbi.org.in पर 'अधिसूचनाएं' शीर्ष के तहत उपलब्ध है।	05 नवंबर 2019
55	इस वित्तीय वर्ष के लिए आरबीआई द्वारा नामित स्वर्ण आयात करने के लिए अनुमति प्राप्त बैंकों के नाम और संख्या।	स्वर्ण आयात करने के लिए आरबीआई द्वारा अनुमति प्राप्त नामित बैंकों की सूची निम्नलिखित पर उपलब्ध है: https://rbi.org.in/commonman/english/Scripts/Content.aspx?id=336	05 नवंबर 2019
56	उन विदेशी बैंकों के नाम और पते की सूची, जिन्हें भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा भारत में बैंकिंग सेवाएँ देने की अनुमति है।	भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों की सूची (शाखाओं और प्रतिनिधि कार्यालयों के रूप में), यहाँ उपलब्ध है: https://www.rbi.org.in/commonman/Upload/English/Content/PDFs/71207.pdf	05 नवंबर 2019

		भारत में बैंकिंग व्यवसाय करने वाले विदेशी बैंकों के पत्राचार पते निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध हैं: https://rbi.org.in/commonman/english/scripts/banksinindia.aspx	
57	बैंकों में लॉकरों की सुरक्षा के बारे में आरबीआई की क्या नीति है?	कृपया 'बैंकों में ग्राहक सेवा'' पर दिनांक 1 जुलाई, 2015 को जारी हमारे मास्टर परिपत्र बैविवि.सं.एलईजी.बीसी. 21/09.07.006/2015-16 देखें हैं, जो हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचनाएं' शीर्ष के तहत उपलब्ध है।	05 नवंबर 2019
58	कृपया उचित व्यवहार संहिता पर आरबीआई के दिशानिर्देश प्रदान करें।	विनियमन विभाग, आरबीआई ने बैंकों को निम्नलिखित परिपत्र जारी किए हैं: - ऋणदाताओं के लिए उचित व्यवहार संहिता पर दिशानिर्देश' पर दिनांक 05 मई, 2003 को जारी परिपत्र डीबीओडी.एलईजी.सं.बीसी.104/09.07.007/2002-03 ऋणदाताओं के लिए उचित व्यवहार संहिता पर दिशानिर्देश' पर दिनांक 06 मार्च, 2007 को जारी परिपत्र डीबीओडी.एलईजी.सं.बीसी.65/09.07.005/2006-07 ऋणदाताओं के लिए उचित व्यवहार संहिता पर दिशानिर्देश- ऋण करार की प्रति प्रदान करना'पर दिनांक 22 अगस्त, 2007 को जारी परिपत्र डीबीओडी.एलईजी.सं.बीसी.28/09.07.005/2007-08 'ऋणदाताओं के लिए उचित व्यवहार संहिता पर दिशानिर्देश- प्रक्रिया शुल्क/ प्रभार से संबंधित सभी सूचनाओं का प्रकटीकरण' पर दिनांक 25 नवंबर, 2008 को जारी परिपत्र	05 नवंबर 2019

		डीबीओडी.एलईजी.सं. बीसी.86/09.07.005/2008-09 'ऋणदाताओं के लिए उचित व्यवहार संहिता पर दिशानिर्देश- प्रक्रिया शुल्क/ प्रभार से संबंधित सभी सूचनाओं का प्रकटीकरण' पर दिनांक 12 नवंबर, 2010 को जारी परिपत्र डीबीओडी.एलईजी.सं. बीसी.61/09.07.005/2010-11। इस संबंध में, आप 'बैंकों द्वारा सूचनाओं को प्रदर्शित करना पर दिनांक 22 जनवरी, 2015 का परिपत्र बैविवि. एलईजी.सं.बीसी.64/09.07.005/2014-15 भी देख सकते हैं। (उपर्युक्त वर्णित परिपत्र हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचनाएं' शीर्ष के तहत उपलब्ध हैं)	
59	क्रॉस - सेलिंग के उद्देश्य से बैंकों द्वारा ग्राहकों से सूचना एकत्र करने के संबंध में आरबीआई द्वारा जारी दिशानिर्देश प्रदान करें।	कृपया 'बैंकों में ग्राहक सेवा' पर दिनांक 1 जुलाई 2015 का मास्टर परिपत्र संख्या बैविवि.सं.एलईजी.बीसी 21/09.07.006/2015-16 देखें, जो हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचनाएं' लिंक के तहत उपलब्ध है।	05 नवंबर 2019
60	बैंकिंग कार्य घंटे, विस्तारित कारोबार घंटे और गैर नकद बैंकिंग लेनदेन के कार्य घण्टों के बारे में आरबीआई के क्या दिशानिर्देश है?	कृपया 'बैंकों में ग्राहक सेवा' पर दिनांक 1 जुलाई 2015 का मास्टर परिपत्र संख्या बैविवि.सं.एलईजी.बीसी 21/09.07.006/2015-16 देखें, जो हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचनाएं' लिंक के तहत उपलब्ध है।	05 नवंबर 2019

61	किसी अप्राधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन के मामले में ग्राहक और बैंक की जिम्मेदारी के संबंध में आरबीआई के के क्या दिशानिर्देश है?	कृपया दिनांक 06 जुलाई 2017 को ग्राहक संरक्षण – अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन में ग्राहकों की देयता को सीमित करना' पर जारी परिपत्र बैंविवि.सं.एलईजी. बीसी.78/09.07.005/2017-18 देखें हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचनाएं' लिंक के तहत उपलब्ध है।	05 नवंबर 2019
62	कृपया वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग व्यक्तियों के संबंध में जारी दिशा-निर्देश प्रदान करें।	कृपया विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर वक्तव्य - दिनांक 4 अक्तूबर 2017 वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए बैंकिंग सुविधा पर परिपत्र बैंविवि.सं. एलईजी.बीसी.96/09.07.005/2017-18 देखें जो हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचनाएं' लिंक के तहत उपलब्ध है। साथ ही, 'बैंकों में ग्राहक सेवा' पर दिनांक 1 जुलाई 2015 का मास्टर परिपत्र संख्या बैविवि.सं.एलईजी.बीसी.21/09.07.006/2015-16 भी देखें, जो हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचनाएं' लिंक के तहत उपलब्ध है।	05 नवंबर 2019
63	पासबुक में प्रविष्टियों और खाते के विवरण के संबंध में आरबीआई के मौजूदा दिशा निर्देश क्या है?	कृपया 'बैंकों में ग्राहक सेवा' पर दिनांक 1 जुलाई 2015 का मास्टर परिपत्र संख्या बैविवि.सं.एलईजी.बीसी 21/09.07.006/2015-16 देखे। परिपत्र हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचनाएं' लिंक के तहत उपलब्ध हैं।	05 नवंबर 2019
64	यदि किसी ग्राहक को किसी बैंक/ शाखा के संबंध में असंतुष्टि/ शिकायत है तो इस संबंध में क्या कार्रवाई अपनाई जाएगी।	किसी बैंक विशेष के संबंध मे शिकायत के मामले में आवेदक संबंधित बैंक शाखा मे शिकायत कर सकते हैं। यदि वह उनके उत्तर से संतुष्ट नही हैं	05 नवंबर 2019

		तो वे शिकायत निवारण के लिए बैंकिंग लोकपाल योजना, 2006 के तहत नियुक्त उक्त बैंक शाखा के नियंत्रक कार्यालय/ प्रधान कार्यालय के नोडल अधिकारी/ प्रधान नोडल अधिकारी के पास शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यदि आपकी शिकायत का निवारण एक माह के भीतर नही होता है तो बैंकिंग लोकपाल योजना, 2006 के तहत बैंकिंग लोकपाल के पास शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बैंकिंग लोकपाल योजना का ब्यौरा भा.रि.बै. की वेबसाइट www.rbi.org.in पर उपलब्ध है। बैंकों के नोडल अधिकारियों के नाम और संपर्क विवरण उनकी संबंधित आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आप आरबीआई की 03 सितंबर, 2018 की प्रेस विज्ञप्ति, 2018-2019/542 भी देख सकते हैं- जिसका शीर्षक है- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिए रिजर्व बैंक ने आंतरिक लोकपाल योजना, 2018 को शुरू किया (यह हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'प्रेस प्रकाशनी' लिंक के तहत उपलब्ध है।)	
65	किसी बचत बैंक/ चालू बैंक खाते को कब अपरिचालित/ निष्क्रिय माना जाता है।	कृपया 'बैंकों में ग्राहक सेवा' पर दिनांक 1 जुलाई 2015 का मास्टर परिपत्र संख्या बैविवि.सं.एलईजी.बीसी21/09.07.006/2015-16 देखें, जो हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचनाएं' लिंक के तहत उपलब्ध है।	05 नवंबर 2019
66	मृत जमाकर्ताओं के दावों के समाधान के संबंध में आरबीआई के क्या दिशानिर्देश हैं।		
67	नामांकन सुविधा के बारे में आरबीआई का क्या दिशा निर्देश है।		
68	बुनियादी बचत बैंक जमा खाता (बीएसबीडीए)/ शून्य शेष खातों के संबंध में आरबीआई द्वारा जारी दिशानिर्देश क्या हैं?	कृपया दिनांक 10 जून 2019 को जारी परिपत्र संख्या बैविवि.सं.एलईजी.बीसी 47/09.07.005/2018-19 देखें, जो हमारी	05 नवंबर 2019

		वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचनाएं' लिंक के तहत उपलब्ध है।	
69	असफल एटीएम लेनदेन के बारे में आरबीआई के क्या दिशानिर्देश हैं।	कृपया 'बैंकों में ग्राहक सेवा' पर दिनांक 1 जुलाई 2015 का मास्टर परिपत्र संख्या बैविवि.सं.एलईजी.बीसी 21/09.07.006/2015-16 देखें, जो हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'अधिसूचनाएं' लिंक के तहत उपलब्ध है।	05 नवंबर 2019
70	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के बारे में जानकारी।	सभी आरआरबी की सूची आरबीआई की वेबसाइट पर निम्नलिखित रूप में एक्सेस की जा सकती है: www.rbi.org.in>> होम>>उपभोक्ता शिक्षा एवं संरक्षण >>सामान्य जनता के लिए >> उपयोगी सूचना >> वित्तीय एजेंट>> भारत में बैंक	05 नवंबर 2019
71	क्या कोई भी बैंक ऋण खाता एनपीए बनने के बाद ऋण का रिवाइवल पत्र/ पावती प्राप्त कर सकता है? उपरोक्त मामले से संबंधित आरबीआई का कोई भी परिपत्र/ अधिसूचना भी प्रदान करें।	भारतीय रिजर्व बैंक ने इस संबंध में कोई विशिष्ट अनुदेश जारी नहीं किए हैं तथापि कृपया 1 जुलाई 2015 को आय पहचान, आस्ति वर्गीकरण और अग्रिमों से संबंधित प्रावधानीकरण पर जारी मास्टर परिपत्र देखें। उपर्युक्त वर्णित परिपत्र हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर अधिसूचनाएं लिंक के तहत उपलब्ध है।	05 नवंबर 2019
72	एनपीए का पता लगाने के लिए नियम प्रावधान के साथ एनपीए के अर्थ को परिभाषित करें।	कृपया दिनांक 01 जुलाई 2015 को आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और अग्रिमों से संबंधित प्रावधानीकरण पर जारी मास्टर परिपत्र देखें। यह परिपत्र हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर अधिसूचनाएं लिंक के तहत उपलब्ध है।	05 नवंबर 2019

73	एनपीए खाते से राशि की वसूली करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी दें। एनपीए ऋण खाते की वसूली के लिए प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान करें।	दिनांक 28 जुलाई 1995 के हमारे परिपत्र बैंपविवि.सं. बीपी.बीसी.81/21.01.040/95 के अनुसार प्रत्येक बैंक से अपेक्षित है कि वे ऋण वसूली नीति बनाएं जिसमें बकाया राशि की वसूली का तरीका, छूट का लक्ष्य स्तर (अवधि-वार) अनुमति - प्रदत्त त्याग/ छूट के लिए मानदंड, छूट पर विचार करने के पूर्व ध्यान में रखे जाने वाले कारक, निर्णय स्तर, उच्चतर प्राधिकारियों को रिपोर्टिंग और बट्टे खाते डालने/ छूट देने के मामलों की निगरानी का तरीका दिया गया हो।	05 नवंबर 2019
74	मैं यह जानना चाहता हूं कि कार्यशील पूंजी के मूल्यांकन के मामले में, क्या बैंकों को प्रत्येक वर्ष उधारकर्ता की कार्यशील पूंजी का पुनर्मूल्यांकन/ मूल्यांकन करने के लिए किसी दिशानिर्देश/ नियम की आवश्यकता होती है।	कृपया दिनांक 01 जुलाई 2015 को आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और अग्रिमों से संबंधित प्रावधानीकरण पर जारी मास्टर परिपत्र देखें। यह परिपत्र हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर अधिसूचनाएं लिंक के तहत उपलब्ध है।	05 नवंबर 2019
75	भारत में बैंकों की सूची।	भारत में बैंकों की सूची सार्वजनिक डोमेन में निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है: https://rbi.org.in/commonman/english/scripts/banksinindia.aspx	05 नवंबर 2019
76	निजी क्षेत्र में यूनिवर्सल बैंक खोलने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश और दस्तावेज क्या हैं।?	कृपया दिनांक 1 अगस्त 2016 को "निजी क्षेत्र के बैंकों में यूनिवर्सल बैंक के ऑन-टैप लाइसेंसिंग पर जारी दिशा निर्देश और प्रेस विज्ञप्ति 2016-2017/281 का संदर्भ लें। इसे निम्नलिखित लिंक के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है। https://rbidocs.rbi.org.in/rdocs/Content/PDFs/	05 नवंबर 2019

		GOTL01082016BB321081EF5A45A489080187CA4CA690.PDF	

संचार विभाग से संबंधित सूचना

आरआईए सं.	मांगी गई सूचना	प्रदान किया गया उत्तर/सूचना	उत्तर की तारीख
3462/11-12 संचार विभाग	मीडिया में विज्ञापन जारी करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक की व्यापक नीति	संचार विभाग (डीओसी) भारतीय रिज़र्व बैंक के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों और केंद्रीय कार्यालय विभागों के उपयोग के लिए अनुमोदित विज्ञापन एजेंसियों का पैनल तैयार करता है। सूची में शामिल किए जाने पर विचार करने के लिए विज्ञापन एजेंसियों को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित व्यापक पात्रता मानदंडों को पूरा करना पड़ता है। जब कोई विज्ञापन प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में डालना होता है तो यह कार्य रोटेशन आधार पर पैनल में शामिल एजेंसी को सौंपा जाता है। एजेंसियों को उन्हें सौंपे गए कार्य को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित समयसीमा के अनुसार करना होता है। मीडिया के माध्यम से विज्ञापन जारी करने का कार्य विकेन्द्रीकृत है। बड़े बज़ट और रचनात्मकता वाले विज्ञापनों जिनका समन्वयन संचार विभाग करता है, को छोड़कर रिज़र्व बैंक के केंद्रीय कार्यालय विभाग और क्षेत्रीय कार्यालय अनुमोदित पैनल में शामिल विज्ञापन एजेंसियों में से किसी एक के माध्यम से स्थानीय आधार पर विज्ञापन जारी करते हैं। भारतीय समाचार पत्र सोसाइटी (आईएनएस) विज्ञापन के लिए प्रेस पब्लिसिटी की अपनी हैंडबुक में नियम प्रकाशित करती है। संचार	**17 फरवरी 2012**

		विभाग इन नियमों को सभी केंद्रीय कार्यालय विभागों और क्षेत्रीय कार्यालयों को उनकी सूचना और उपयोग के लिए परिचालित करता है।	

मानव संसाधन प्रबंधन विभाग से संबंधित जानकारी

आरटीआई संदर्भ	मांगी गई सूचना	जवाब	जवाब की तारीख
53381/2019-20	आरबीआई सहायक पदोन्नति नीति और संरचना	वर्तमान में प्रचलित नियमों के अनुसार, सभी तृतीय श्रेणी कर्मचारी (फार्मासिस्ट और जूनियर इंजीनियरों के अलावा) जिन्होंने पिछले वर्ष के 31 दिसंबर तक बैंक में तृतीय श्रेणी कैडर में कम से कम तीन साल की नियमित पूर्णकालिक सेवा पूरी कर ली है, सहायक से ग्रेड ए तक पदोन्नति परीक्षा के लिए उपस्थित होने के पात्र हैं। तृतीय श्रेणी कर्मचारी को सहायक प्रबंधक के पद पर पदोन्नत किया जाता है यदि उसका नाम मेरिट सूची में दिखाई देता है, जो लिखित / ऑनलाइन परीक्षा, साक्षात्कार, ऑन-जॉब प्रदर्शन, छुट्टी और अनुशासन रिकॉर्ड आदि में पात्र तृतीय श्रेणी कर्मचारी के प्रदर्शन के आधार पर तैयार किया जाता है।	**20 अगस्त 2019**
53456/2019-20	क्या आरबीआई में अनुकंपा के आधार पर नियुक्तियां उन कर्मचारियों के लिए दी जाती हैं जिनकी सेवा के दौरान मृत्यु हो जाती है।	कर्मचारी के ड्यूटि पर रहते मृत्यु की स्थिति में, अनुकंपा नियुक्ति उन परिजनों में से एक को दी जाती है जहां एक कर्मचारी i) हिंसा, आतंकवाद, डकैती या डकैती के परिणामस्वरूप अपने आधिकारिक कर्तव्य का पालन करते समय मृत्यु हो जाती है; नहीं तो ii) बैंक में नियुक्ति के पांच साल के भीतर या 30 वर्ष की आयु तक पहुंचने से पहले, जो भी बाद में हो, आश्रित पति या पत्नी और / या	**22 अगस्त 2019**

		नाबालिग बच्चों को छोड़कर मृत्यु हो जाती है।	
54244/2019-20	कृपया भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के प्रत्येक राज्य में स्थित भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यालयों की संख्या प्रदान करें।	भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में भारतीय रिजर्व बैंक का कोई कार्यालय नहीं है। तथापि, भारतीय रिजर्व बैंक की भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्थित चार शाखाएँ और दो उप-कार्यालय हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर निम्नलिखित लिंक https://www.rbi.org.in/Scripts/profilelink.aspx पर जाएं।	**01 अक्तूबर 2019**
55414/2019-20	पूरे भारत में RBI कार्यालयों के स्थान	भारतीय रिज़र्व बैंक के पूरे भारत में 31 कार्यालय / शाखाएँ हैं। कृपया हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर निम्नलिखित लिंक https://www.rbi.org.in/Scripts/RegionalOffices.aspx पर जाएं।	**09 दिसंबर 2019**
5483/2019-20	बैंक द्वारा विभिन्न ग्रेड के अपने अधिकारी कर्मचारियों को प्रदान की गई कर्मचारी कल्याण योजनाओं की पूरी सूची	त्रता के अनुसार बैंक का आवास, उपलब्धता के अनुसार , आधिकारिक उद्देश्य के लिए वाहन के रखरखाव के लिए खर्च की प्रतिपूर्ति, समाचार पत्र, टेलीफोन शुल्क, पुस्तक अनुदान, निवास फर्नीशिंग करने के लिए भत्ता आदि। पात्रता के अनुसार चिकित्सा सुविधा, अवकाश किराया रियायत (दो वर्ष में एक बार)। आवास, वाहन, शिक्षा, उपभोक्ता वस्तुओं, पर्सनल कंप्यूटर, त्योहारों आदि के लिए रियायती ब्याज दरों पर ऋण और अग्रिम। नई भर्तियों को ग्रेच्युटी के लाभ के अलावा परिभाषित योगदान नई पेंशन योजना (एनपीएस)' द्वारा शासित किया जाता है। कृपया हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर निम्नलिखित लिंक https://opportunities.rbi.org.in/Scri	**11 दिसंबर 2019**

		pts/bs_viewcontent.aspx?Id=3766 देखें ।	
आरबीआईएनडी/आर/ई/21/04169	क्या की गई भर्तियों के लिए कोई आरक्षित सूची रखी जाती है?	हां। भर्ती के लिए जारी रिक्तियों की संख्या की 30% तक एक अलग सूची 'आरक्षित सूची' के रूप में रखी जाती है।	**04 जून 2021**
आरबीआईएनडी/आर/ई/21/05674	क्या आरबीआई की भर्ती में आरक्षण है यदि हां, तो आरक्षित श्रेणी के लिए रिक्तियां कैसे निर्धारित की जाती हैं ?	हां। श्रेणियों को आरक्षण प्रदान करने के लिए अपनाए गए मानदंड में वे अनुदेश/दिशानिर्देश हैं जिन्हें आरक्षण प्रदान करने के संबंध में भारत सरकार/कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा समय-समय पर जारी किया गया हैं।	**09 अगस्त 2021**
आरबीआईएनडी/आर/ई/21/06227	एक ही ज़ोन के भीतर विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों में आरबीआई सहायक की स्थानांतरण नीतियां क्या हैं (उदाहरण - मुंबई कार्यालय से नागपुर कार्यालय में स्थानांतरण)	बैंक में सेवारत श्रेणी III कर्मचारियों के स्थानांतरण के अनुरोधों पर प्रशासनिक सुविधा के अनुसार मामला-दर-मामला आधार पर विचार किया जाता है।	**03 सितंबर 2021**
आरबीआईएनडी/आर/ई/21/07051	जानना चाहेंगे कि क्या बॉण्ड को वर्तमान नियोक्ता से आरबीआई को अंतरित किया जा सकता है क्योंकि दोनों केंद्र सरकार के उद्यम हैं।	बॉण्ड को लोक उद्यम विभाग, लोक उद्यम ब्यूरो, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी दिनांक 29 जुलाई 2004 के ज्ञापन- DPE O.M. No. 15(2)/2003-DPE(GM)/GL-57 के दिशानिर्देशों के अनुसार अंतरित किया जाता है।	**24 सितंबर 2021**
आरबीआईएनडी/आर/ई/21/07234	कार्यालय परिचारक किस प्रकार का कार्य करते हैं	श्रेणी IV स्टाफ को बैंक द्वारा समय-समय पर सौंपी गई सभी ड्यूटी का पालन करना होता है।	**04 अक्तूबर 2021**
आरबीआईएनडी/आर/ई/21/09475	कार्यालय परिचारकों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक	<u>श्रेणी III सहायक के पद पर पदोन्नति (ऑनलाइन परीक्षा के माध्यम से) -</u>	**29 दिसंबर 2021**

	में पदोन्नति नीति क्या है?	कोई श्रेणी IV कर्मचारी जिसके पास किसी भी संकाय-वर्ग में स्नातक की डिग्री हो और जिसने परीक्षा की अधिसूचना की तारीख को कम से कम 8 वर्षों तक लगातार श्रेणी IV में पूर्णकालिक कर्मचारी के रूप में काम किया हो या कोई श्रेणी IV कर्मचारी जिसने कक्षा XII या समकक्ष स्तर की कोई परीक्षा उत्तीर्ण की हो और उसके पास कंप्यूटर प्रवीणता का प्रमाणपत्र हो और जिसने परीक्षा की अधिसूचना की तारीख को कम से कम 13 वर्षों तक लगातार श्रेणी IV में पूर्णकालिक कर्मचारी के रूप में काम किया हो, श्रेणी III में सहायक के पद की पदोन्नति परीक्षा में उपस्थित होने के लिए पात्र है। <u>सहायक केयर टेकर (एसीटी) के पद पर रिक्ति आधारित पदोन्नति -</u> सेवा रिकॉर्ड और साक्षात्कार के माध्यम से स्क्रीनिंग के आधार पर निर्धारित की जाने वाली वरिष्ठता और उपयुक्तता के अधीन श्रेणी IV के सभी वेतन समूह के कर्मचारी उक्त पद के लिए पात्र माने जाते हैं।	
आरबीआईएनडी/आर/ई/22/05211	उपयुक्त उम्मीदवार न मिलने के कारण यदि किसी श्रेणी में कोई रिक्ति रिक्त रह जाती है, तो उस बैकलॉग को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आगे ले जाया जाता है। रिक्ति को अगली अधिसूचना के	अजा/अजजा/अपवि/पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए बैकलॉग आगे ले जाया जाता है	**04 सितंबर 2022**

	लिए आगे ले जाया जाता है या नहीं?		
आरबीआईएनडी/आर/ई/22/05831	पीडबल्यूबीडी आरबीआई कार्यालय परिचारक 2020 में कानपुर कार्यालय की अंतिम कटऑफ क्या है।	पीडबल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए कोई अलग कटऑफ नहीं है। सभी पीडबल्यूबीडी उम्मीदवारों को उनकी संबंधित सामाजिक श्रेणी में रखा गया है।	**30 सितंबर 2022**
आरबीआईएनडी/आर/ई/22/05945	पीडबल्यूबीडी उम्मीदवार कितने वर्षों के बाद अपना कार्यालय बदल सकता है? स्थानांतरण नीति क्या है?	अपनी पसंद के केंद्रों पर तैनात किए जाने या केंद्र पर बने रहने के लिए पीडब्ल्यूबीडी अधिकारियों के अनुरोधों पर दिव्यांगता की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए और वैयक्तिक अधिकारी के करियर विकास पथ और/या प्रशासनिक अत्यावश्यकता को समग्र रूप से विचार में लेते हुए उचित सहानुभूति के साथ विचार किया जाता है। इस तरह के अनुरोधों को मामला दर मामला आधार पर निपटाया जाता है।	**04 अक्तूबर 2022**
आरबीआईएनडी/आर/ई/22/07551	आरबीआई ग्रेड बी अधिकारी के फिट होने के लिए आवश्यक आरबीआई ग्रेड भर्ती के लिए कौन सी चिकित्सा जांच कराई जाती है।	पद के लिए चयनित उम्मीदवार को निम्नलिखित चिकित्सा/नैदानिक जांचों से गुजरना होगा: -शारीरिक जांच -सीबीसी/ईएसआर -एफबीएस/पीपीबीएस/एसजीपीटी -एस. क्रिएटिनिन -यूरिन : आर -एक्स-रे चेस्ट-पी.ए. व्यू -ईसीजी -नेत्र परीक्षण तथापि, भारतीय रिज़र्व बैंक में किसी भी पद के लिए उम्मीदवार का अंतिम चयन बैंक के चिकित्सा अधिकारी द्वारा मूल्यांकन की गई निर्धारित चिकित्सा जांच को पूरा करने के अधीन है।	**14 दिसंबर 2022**

आरबीआईएनडी/आर/ई/22/06083	कृपया स्वास्थ्य संकेतकों के सटीक मापदंडों को सूचीबद्ध करें, जिसमें जांच, यदि कोई हों, शामिल हों, जो किसी उम्मीदवार को सहायक के रूप में बैंक की सेवाओं में शामिल होने के लिए योग्य बनाते हैं।		**10 अक्तूबर 2022**
आरबीआईएनडी/आर/ई/22/06764	आरबीआई सहायक के कार्यालय समय (काम के घंटे) का उल्लेख करें	सप्ताह के दिनों में (सोमवार से शुक्रवार) 30 मिनट के लंच ब्रेक को छोड़कर 7 घंटे 15 मिनट।	**08 नवंबर 2022**
आरबीआईएनडी/आर/ई/22/06764	आरबीआई सहायक के रूप में जॉइन होने के बाद पदोन्नति नीति और प्रक्रिया क्या है	वर्तमान में प्रचलित नियमों के अनुसार, सभी श्रेणी III कर्मचारी (फार्मासिस्ट और कनिष्ठ अभियंताओं के अलावा) जिन्होंने अधिसूचना की तारीख को बैंक में श्रेणी III संवर्ग में कम से कम तीन वर्ष की नियमित पूर्णकालिक सेवा पूरी कर ली हो, सहायक से ग्रेड ए में पदोन्नति परीक्षा में उपस्थित होने के लिए पात्र हैं।	**08 नवंबर 2022**
आरबीआईएनडी/आर/ई/22/06764	आरबीआई सहायक की ड्यूटी की प्रकृति और कार्य के प्रकार का उल्लेख करें	श्रेणी III में सहायकों का कार्य प्रोफ़ाइल यहां उपलब्ध है।	**08 नवंबर 2022**
आरबीआईएनडी/आर/ई/22/06764	कानपुर, लखनऊ और देहरादून, प्रत्येक कार्यालय में, रिक्तियों की संख्या का श्रेणीवार विवरण	कृपया हमारी आधिकारिक वेबसाइट https://www.rbi.org.in पर संबंधित भर्ती अधिसूचना देखें	**08 नवंबर 2022**
आरबीआईएनडी/आर/ई/22/06764	बैंक की सेवा में आने के बाद आरबीआई सहायक को मिलने वाली सभी प्रकार की अनुलब्धियों	मांगी गई जानकारी भर्ती अधिसूचना में उपलब्ध है। कृपया https://opportunities.rbi.org.in/Sc	**08 नवंबर 2022**

	तथा भत्तों और अन्य सभी लाभों का वर्णन करें।	ripts/bs_viewcontent.aspx?Id=4085 लिंक पर क्लिक करें	
आरबीआईएनडी/आर/ई/22/07222	मैं यह भी जानना चाहता हूं कि भूतपूर्व सैनिकों को वेतन संरक्षण प्रदान किया जाता है या नहीं।	भारतीय रिज़र्व बैंक में भूतपूर्व सैनिकों का वेतन संरक्षण भारत सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुदेशों के अनुसार किया जाता है।	**30 नवंबर 2022**
आरबीआईएनडी/आर/ई/22/07275	कार्यालय परिचारकों के काम के घंटे क्या हैं?	कार्यालय परिचारकों के काम के घंटे नीचे दिए गए हैं- सप्ताह के दिनों में (सोमवार से शुक्रवार) 30 मिनट के लंच ब्रेक को छोड़कर 7 घंटे 45 मिनट	**02 दिसंबर 2022**
आरबीआईएनडी/आर/ई/22/07517	क्या मेरिट सूची केवल संबंधित श्रेणियों में मुख्य परीक्षा के स्कोर पर आधारित है? (सहायक की भर्ती - पैनल वर्ष 2021 हेतु)	अंतिम चयन केवल मुख्य ऑन-लाइन परीक्षा में प्रदर्शन, एलपीटी में अर्हता, मेडिकल फिटनेस और बैंक की संतुष्टि के अनुसार प्रमाणपत्रों के सत्यापन पर आधारित होता है।	**13 दिसंबर 2022**
आरबीआईएनडी/आर/ई/22/07760	आरबीआई में सभी पदों के लिए वेतन और भत्तों में पुनरीक्षण की आवधिकता क्या है?	बैंक के कर्मचारियों के वेतन और भत्तों का पुनरीक्षण प्रत्येक 5 वर्ष में किया जाता है।	**27 दिसंबर 2022**
आरबीआईएनडी/आर/ई/22/07999	आरबीआई की संगठनात्मक संरचना	आरबीआई की संगठनात्मक संरचना आरबीआई की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर “हमारे बारे में” खंड के तहत उपलब्ध है।	**06 जनवरी 2023**

डिस्क्लोजर लॉग - सरकारी और बैंक लेखा विभाग

क्रम संख्या	आरआईए संख्या	मांगी गई सूचना	दिया गया उत्तर/ प्रदान की गई सूचना	उत्तर की तारीख
1.	RBIND/R/P/22/01449	कृपया भारतीय रिज़र्व बैंक से निधि अंतरण द्वारा भारत सरकार को प्राप्त आय का ब्यौरा प्रस्तुत करें।	प्रत्येक वर्ष केंद्र सरकार को देय अधिशेष की जानकारी 'रिज़र्व बैंक के खाते' अध्याय में दी गई है, जो संबंधित वर्षों की 'वार्षिक रिपोर्ट' का हिस्सा है। यह आरबीआई की वेबसाइट पर उपलब्ध है, जिसका लिंक नीचे दिया गया है: https://website.rbi.org.in/hi/web/rbi/publications/reports/annual_report/annual_report_chapterwise?&publishDateFrom=2024-01-01&publishDateTo=2024-12-31	24 मई 2022
2.	आरबीआईएनडी/आर/ई/22/06028	महोदय, अनुरोध है कि संबंधित बैंक सीपीपीसी द्वारा पेंशन खाते के साथ-साथ मासिक पेंशन से बकाया की वसूली के अधिकार और प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान करें।	भारतीय रिज़र्व बैंक को संबंधित बैंक सीपीपीसी द्वारा पेंशन खाते के साथ-साथ मासिक पेंशन से देय राशि की वसूली के अधिकार और प्रक्रिया के बारे में कोई जानकारी नहीं है। तथापि, भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने दिनांक 01 अप्रैल, 2022 मास्टर परिपत्र डीजीबीए.जीबीडी.सं.एस2/31.02.007/2022-23 के पैरा 5 और 6 में कहा है कि: - **"अधिक पेंशन भुगतान की राशि सरकार को वापस करना** 5. एजेंसी बैंक की त्रुटि के कारण जब कभी कोई अतिरिक्त/अधिभुगतान का पता चलता है है तो अतिरिक्त/अधिभुगतान की संपूर्ण राशि एकमुश्त रूप में सरकार के खाते में तुरंत जमा कर दी जानी चाहिए। यह कार्रवाई पेंशनर वसूली से स्वतंत्र है। एजेंसी बैंको से अनुरोध है कि वे पेंशनरों को किए गए अतिरिक्त/अधिक भुगतान की वसूली, यदि कोई हो, के लिए अपनाई जानेवाली प्रक्रिया के संबंध में संबंधित	15 सितंबर 2022

क्रम संख्या	आरआईए संख्या	मांगी गई सूचना	दिया गया उत्तर/ प्रदान की गई सूचना	उत्तर की तारीख
